अथ पासवतीकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको अपने मुखसों देवगिरी गौड पौरवी गुजरी संकीर्ण पौरवीके आधे स्वर गाईके। वांको पासवती नाम कीनों ॥ अथ पासवतीको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको रंग है। रंगबिरंगे वस्त्र पहरे है। ओर रंगबिरंगी चोली पहरे है। कोमल जाको अंग है। सब अंगनमें आभूषण पहरे है। मधुर वचन कहे है। बडी चतुर है। हाथमें हाथीदांतके चूडा पहरे है। पावनमें नूपर पहरे है। नाकमें जाडाउ फूलदार वेसरी पहरे है। लाल जाके होट है। वनमें विहार करे है। फूलनकी मालासुं जाकी चोटी गूही है। मोरनके संग क्रीडा करे है। वनचरनकी स्त्री जाके ओर पास है। ऐसी जो रागनी तांहि पासवती जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह सात सुरनसों गाई है। स रि ग म प ध नि स। यातें संपूर्ण है। याको प्रभातसमें गावनी। यह तो याको बखत है। दुपहरताई चाहो तब गावो ॥

अथ वागीश्वरी रागनी कान्हडाको भेद ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको अपनें मुखसों धनासिरी संकीर्ण कान्हडो गाईके। वांको वागीश्वरी नाम कीनों ॥ अथ वागीश्वरीको स्वरूप लिख्यते ॥ सांवरो जाको रंग है। रंगबिरंगे वस्त्र पहरे है। चंदनको अंगराग लगाये है। अनारको फूल जाके हाथमें है। जाके हिराके कनीसें दांत है। जाके हाथनमें जडाउ कडा है। गरेमें मोतीनको हार है। माथेपें मुकुट है। मणीनके कुंडल पहरे है। अनेक भांति फूलनकी माला पहरे हैं। नृत्य रागसों प्रसन्न है। शृंगार रसमें मग्न है। ऐसी जो रागनी तांहि वागीश्वरी जांनिये॥ शास्त्रमें तो सात सुरनमें गाई है। नि ध प म ग रि रि स स रि ग म प ध नि। यातें संपूर्ण है। याका रातिके दुसरे पहरमें गावनी। याकी आलापचारी सात सुरनमें कीये राग वरतेसो जंत्र सों समझिये ॥

वागीश्वरी रागनी (संपूर्ण).

स	षड्ज असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक

स	षड्ज असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक

म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक		

॥ इति वागीश्वरी रागनी संपूर्णम् ॥

अथ लीलावतीकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेकों । अपनें मुखसों जैतश्री ललित संकीर्ण देशकार गाईकें । वांको लीलावती नाम कीनों ॥ अथ लीलावतीको स्वरूप लिख्यते ॥ लाल जाको रंग है । कमलपत्रसे जाके नेत्र है । मात हातीकीसी चाल है । इंद्र जाको मित्र है । रंगबिरंगे वस्त्र पहेर है । मोतीनकी माला गरेमें है । हाथमें कमल है । शृंगार रसमें

मग्न है। सोला वरसकी अवस्था है। अपने समान सखीन करिके युक्त है। फूलमाला-सूं गुथी जाकी वेनी है । मंद मुसकान करे है । ऐसी जो रागनी तांहि लीला-वती जानिये ॥ शास्त्रमें तो यह सात सुरनसों गाई है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याकों दिनके चोथे पहरमें गावनी याहितो याको वखत है । और दिनमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये रागनी वरते। सो जंत्र सों समझिये ॥ अथ जंत्र लिख्यते ॥

लीलावती (संपूर्ण).

म	मध्यम चढी, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	नि	निषाद चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
म	मध्यम चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा तीन

ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक		

॥ इति लीलावती संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीको तांडव नृत्य संपूर्ण भयो तब पार्वतीजीके मुखतें ॥ विष्णुकी प्रियकी अरथ नटनारायण भयो विष्णु दैत्यनसों युद्ध करिके थकिगये हैं । सो उनके खेद दूरि करिवेके लिये यह रागनी विश्रामरूप है । वांको श्रवनकरि विष्णु मगनभयो ॥ अथ नटनारायणको स्वरूप लिख्यते ॥ विष्णुरूप है स्याम सुंदर देह हैं । पीतांबर पहरे है । नटवरभेष है । मोरमुकुटको धारण करे हैं । काननमें मकराकृत कुंडल है । कौस्तुभमणी पहरे है । केसरिचंदनसों चर्चित जाको अंग है । वनमाला पहरे है । गोप ग्वाल जिनके संगि है । ऐसो जो राग ताँहि नटनारायण जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह छह सुरनसों गायो है । म प ध ग रि स । यातें षाडव हैं । याको वर्षासमें गावनों । यह तो याको वखत है । दिनके तीसरे पहरमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी छह सुरनमें कीये राग वरतेंसों जंत्रसों समझिये ॥

नटनारायण (षाडव).

प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा तीन
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक

प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय
ध	धैवत चढी, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा च्यार

॥ इति नटनारायण संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणकी रागनीनकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ पार्वतीजीके मुखसों उत्पन्न होईके । नटनारायणनें पार्वतीजीसों विज्ञप्ती कीनी महाराज मोंको रागनी दीजे तब । शिवजीकी आज्ञा लेकरिके पार्वतीजीनें । अपने मुखसों पांच रागनी गाईके । नटनारायणकी छाया युक्ति देखि नटनारायणको दीनी ॥ तहां

प्रथम नटनारायणकी रागनी वेलावली ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ पार्वतीजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको । अपने मुखसों वेलावली गाईके । वांको नटनारायणकी छाया युक्ति देखि । नटनारायणको दीनी ॥ अथ वेलावलीको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरा जाको रंग है । स्वेत वस्त्र पहरे है । विचित्र रंगकी कंचुकी पहरे है । सुवर्णके आभुषण सब अंगनमें पहरे है । कस्तूरीको विंदा जाके भालमें है । कमलकी माला जाके कंठमें हैं । मृदंगको बजावे है । सखीनके संग मधुर सुरनसों गावे है । ऐसी जो रागनी तांहि वेलावली जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह सात सुरनसों गाई है । ध नि स रि म म प ध । यातें संपूर्ण है । याको दिनके प्रथम पहरमें गावनी । यह तो याको वखत है । ओर दुपहरतांई चाहो तब गावो याको जंत्र हनुमान मतमें हिंडोल रागकी रागनी प्रथम विलावली ताकें जंत्रसों आलापकीज्यो ॥ इति वेलावली संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणकी दूसरी रागनी कांबोजी ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ पार्वतीजीनें उन रागनमेंसों कांबोजी विभाग करिवेकों । अपनें मुखसों गाईके याको नटनारायणकी छायायुक्ति देखि । वांको कांबोजी नाम करिकें नटनारायणको रागनी दीनी ॥ अथ कांबोजीको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरा जाको रंग है। केसरिया वस्त्र पहरे है । मोहनो स्वरूप है । बडे जाके नेत्र है । मुखमें पानके विडा चवावे है । ललाटमें कस्तूरीको विंदा है । सोनेके जडाऊ गहना सब अंगनमें पहरे है । करनाट देसमें अरु आंध्र देसमें भई है । सखी जाके संग है। सारंगी बजावे है । ऐसी जो रागनी तांहि कांबोजी जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह सात सुरनमें गाई है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याको दिनके प्रथम पहरमें गावनी यह तो याकी वखत है । ओर दिनमें चाहो तब गावो ॥ इति कांबोजी संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणकी तिसरी रागनी सांवेरी ताकी उत्पत्ति

लिख्यते ॥ पार्वतीजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेकों। अपनें मुखसों सांवेरी रागनी गाईके वाकों सांवेरी नाम करिके नटनारायणकी छाया युक्ति देखि। नटनारायणकों दीनी॥ अथ सांवेरीको स्वरूप लि० ॥ स्यामजाको वर्ण है। सोसनी वस्त्र पहरे है। पिली जाकी चोली है। चंद्रमासो मुख है। नाजुक अंग है। मृगकेसे जाके नेत्र है। कस्तूरीको विंदा जाके भालमें है। मोतीनके हार कंठमें पहरे है। सोलेह प्रकारके शृंगार किये है। मतवारे हाथींकीसी चाल है। मंद मुसकान करे है। ऐसी जो रागनी ताहि सांवेरी जानिये॥ शास्त्रमें तो यह छह सुरनसों गाई है। ध ग ध रि ध स रि ग म प ध। यातें षाडव है। याको सांजसमें गावनी यहतो याको वखत है। ओर चाहो तब गावो। याकी आलापचारी छह सुरनमें कियें। राग वरतेंसों जंत्रसों॥

सांवेरी रागनी (षाडव).

ध	धैवत चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा तीन	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक

ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
स	षड्ज चढी, मात्रा दोय	म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा तीन

ध	धैवत चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
म	मध्यम असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय

॥ इति सांवेरी रागनी संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणकी चोथी रागनी सुहवी ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ पार्वतीजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको । अपनें मुखसों सुहवी गाईके । वांको नटनारायणकी छाया युक्ति देखि । नटनारायणको दीनी ॥ अथ सुहवीको स्वरूप लिख्यते ॥ स्याम जाको रंग है । पीतांबरको पहरे है । नाजुक जाको शरीर है । ओर अमृतकी सीनाई आनंदकारी है । फूले कमलसें जाके मुख है । तरुण जाकी अवस्था है । ओर सुगंधके फूलनसों गुही जाकी वेनी है । रंगविरंगी चोली पहर है । मंदमुसकान करे है । शृंगार रसमें मग्न है । चवर जाके उपर ढुरे है । बडे जाके नेत्र है । ऐसी जो रागनी ताहि सुहवी जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनमें गाई है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याको प्रभातसमें गावनी । यह तो याको बखत है । ओर दिनमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें कीये राग वरतेसों जंत्रसों समझिये ॥

सुहवी रागनी (संपूर्ण).

नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा तीन
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

ग	गांधार चढी, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक

प	पंचम असलि, मात्रा दोय	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

॥ इति सुहवी रागनी संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणकी पांचई रागनी सोरठ ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ पार्वतीजींनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको । अपनें मुखसों सोरठ

गाईके नटनारायणकी छाया युक्ति देखि । वांको नटनारायणको दीनी ॥ अथ सोरठको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो अंग है । कमलसों विसाल नेत्र है । चंद्रमासो मुख है । दाडिमके बीजसरिके दांत है । अनेक रंगकी पोषाग पहेर है । कठोर कुच है । आसमानी रंगकी चोली पहेर है । सुछंद विहार करे है । कामदेवसों व्याकुल है । शृंगार रसमें मग्न है । ऐसी जो रागनी तांहि सोरठ जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह छह सुरनसों गाई है । स रि म प ध नि स । यातें षाडव है । याको आधिरातिसमें गावनी । यह तो याको वखत है । रातिमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी छह सुरनमें किये । राग वरतसों जंत्रसों समझिये ॥

सोरठ रागनी (षाडव).

म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा दोय	म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय

रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	ध	धैवत असलि, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक		

॥ इति सोरठ संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणके शुद्धनाटादि जे पुत्र है तिनकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागमेंसों विभाग करिवेको ईशान नाम मुखसों गाईके सुद्धको दिक रागनसों संकीर्ण नट गाईके। उन संकीर्णनके सुद्धनाटादि नामकरिके। नटनारायणको पुत्र दीनो। तहां नटनारायणको प्रथम पुत्र शुद्धनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको। ईशान नाम मुखसों सुद्धराग संकीर्णनट गाईके। वांको शुद्धनाट नाम करिके। नटनारायणको दीनो ॥ अथ शुद्धनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ शिवजीके ईशान मुखसों जाकी उत्पत्ति है। महा धीर है। लाल जाको रंग है। कमलसे जाके नेत्र है। स्वेत वस्त्र पहेरे है। हाथमें खड्ग है। बडो जाको प्रताप है। हास्ययुक्त सुंदर जाके बचन है। गंभीर नाद है। रागमार्गमें विहार करे है। घोडापे चढ्यो है। सोभायमान है। ऐसो जो राग ताहि शुद्धनाट जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह सात सुरनमें गायो है। स रि ग म प ध नि स। यातें संपूर्ण है। याको शर्दऋतुमें संध्यासमये गावनों। यह तो याको बखत है। ओर ऋतुमें संध्यासमें चाहो तब गावो यह राग मंगलीक है। याकी आलापचारी छह सुरनमें किये। राग बरतेसों। जंत्रसों समझिये ॥

नटनारायणको प्रथम पुत्र शुद्धनाट (षाडव).

ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
म	मध्यम असलि, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा एक

स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
म	मध्यम असलि, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय

॥ इति नटनारायणको प्रथमपुत्र शुद्धनाट संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको दूसरो पुत्र हमीरनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको । ईशाननाम मुखसों हमीरराग संकीर्ण राग गाईके । वांको हमीरनाट नाम करिके नटनारायणको पुत्र दीनों ॥ अथ हमीरनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ शृंगार रसमें मग्न जाको चित्त है। शरीर हू शृंगार युक्त है । गोरो जाको रंग है । मंद मुसकान युक्त जाको मुख है । तांबूलकी

बिडीसों होठ जाको लाल है । हाथमें दंडी और दंड लिये है । तरुण कामदेवको मित्र है । लाल वस्त्र पहर है । बडो प्रतापी है । कांमनीनके मनको वस करे है । ऐसो जो राग ताहि हमीरनाट जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो सात सुरनमें गायो है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है। रातिके प्रथम पहरमें गावनों। यहतो याको वखत है । रातिमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये राग वरते । सो जंत्रसों समझिये ॥

नटनारायणको दूसरो पुत्र हमीरनाट (संपूर्ण).

ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक

ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
म	मध्यम असलि, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा एक
नि	निषाद चढी, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा एक

॥ इति नटरागको दूसरो पुत्र हमीरनाट संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको तीसरो पुत्र सालंगनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें वांकी रागनीनमेसों विभाग करिवेको । ईशाननाम मुख सो सारंग राग संकीर्ण नट माईके । वांको सालंगनाट नाम करिके नटनारायणको पुत्र दीनो । अथ सालंगनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको रंग है । तरुण जाकी अवस्था है । ओर हाथमें वज्र लिये है । कांमदेवसो मित्र है । मोतीनकी मा । गलेमें है । सुंदर वस्त्र है । स्त्रिनके संगमें विराजे है । ऐसो राग तांहि सालंगनाट जांनिये । शास्त्रमें तो यह सात सुरनसों गायो है । म प ध नि स रि ग म । यातें संपूर्ण है । रातिके प्रथम पहरमें गावनों । यह तो याको वख़त है । रातिमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये ॥

अथ सालंगनाटको जंत्र (संपूर्ण).

म	षड्ज असलि, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
नि	निषाद चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय

रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा दोय
स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक दोय

म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक		

॥ इति नटनारायणको तीसरो पुत्र सालंगनाट राग संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको चोथो पुत्र छायानाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें वांकी रागनमेंसों विभाग करिवेको । ईशान नाम मुखसों छाया संकीर्णनट गाईके । वांको छायानाट नाम करिके । नटनारायणको पुत्र दीनों ॥ अथ छायानाटको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो रंग है । लाल जाके नेत्र है । कंठमें मोतीनको हार है । स्वेत वस्त्र गुलाबीपाघ पहेरे है । सुंदर वस्त्र है । हाथमें फूलछडी ले है । ऐसो जो राग तांहि छायानाट जांनिये ॥ शास्त्रमें-तो यह सात सुरनसों गायो है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याको संध्यासमें गावनों । यह तो याको बखत है । रातिके प्रथम पहरमें । चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये॥

अथ छायानाट जंत्र (संपूर्ण).

प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
म	मध्यम चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	नि	निषाद चढी, मात्रा एक
नि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

॥ ६।

नि	निषाद चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा चार

॥ इति छायानाटको जंत्र संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको पांचवो पुत्र कामोदनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको । ईशाननाम मुखसों गाईके। वांको कामोद नाट नाम करिके नटनारायणको पुत्र दीनों ॥ अथ कामोद-नाटको स्वरूप लिख्यते ॥ सोनेको सो रंग है । पितांबर पहेरे है । सुंदर घोडेपें असवार है । महावीर है । ओर गुलाल जाके लग्यो है । रंगविरंगे वस्त्र पहेरे है । विचित्र गहना पहेरे है । ओर जाको बडो प्रताप है । गुमानसो भरयो है । ऐसो जो राग तांहि कामोदनाट जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है । याके आरोहमें गांधार तीव्र जांनिये ॥ आवरोहमें गांधार धैवत लीजे नहीं। ध नि स रि ग म प प ध नि स । याको रातिके प्रथम पहरमें गावनों । यह तो याको वखत है । कोऊक याको दिनके दूसरे पहरमें गात है। याकी आलापचारी सात सुरनमें किये राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये ॥

अथ कामोदनाटको जंत्र (संपूर्ण).

स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	नि	निषाद चढी, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा दोय

नि	निषाद चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
म	षड्ज असलि, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक

ध	धैवत चढी, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा चार
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक		

॥ इति कामोदनाटको जंत्र संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको छटो पुत्र केदारनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते॥
शिवजीनें वांकी रागनमेंसों विभाग करिवेको । ईशाननाम मुखसो केदार राग संकीर्ण नट गाईके । वांको केदारनाट नाम करिके नटनारायणको पुत्र दीनो ॥ अथ केदार नाटको स्वरूप लिख्यते ॥ पीत रंग है । चंद्रमासो मुख है ।

बांये हाथमें त्रिशूल है। दाहिनें हाथमें दंड है। स्वेत वस्त्र पहरे है। और मोतीनकी माला जाके कंठमें है। कमलपत्रसे नेत्र है। वैरीनको संघार करे है। वीररसमें मग्न है। और सूर्यकेसो जाको तेज है। ऐसो जो राग तांहि केदारनाट जांनिये॥ शास्त्रमेंतो यह छह सुरनसों गायो है॥ ग म प ध नि स॥ यातें षाडव है। रातिके दूसरे पहरमें गावनों यहतो याको वखत है। कोऊक रातिके प्रथम पहरमें गांवे है। याकी आलापचारी सात सुरनमें किये राग वरते। सो जंत्रसो समझिये॥

केदारनाटको जंत्र लिख्यते (संपूर्ण).

नि	निषाद चढी, मात्रा दोय	म	मध्यम चढी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक

म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

ध	धैवत चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा चार
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय		

॥ इति केदारनाट संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको सातवो पुत्र मेघनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥
शिवजीनें उन नाटनमेंसो विभाग करिवेको ईशानमाम मुखसो मेघराग संकीर्ण नट गाईके । वांको मेघनाट नाम करिके नटनारायणको दीनो ॥ अथ मेघनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ स्याम स्वरूप है । पीतांबरको पहरे है । ओर सोनेके आभरण पहरे है । केसरि चंदन घसि शरीरसों लगावे है । ओर हाथमें जाके खड्ग हैं । ओर घोडापे असवारी हैं । मेघनादसों बैरीनसों भय उपजावे है । ऐसो जो राग तांहि मेघनाट जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सप्त स्वरनसों गायो है । ध नि स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । दीनके चोथे पहरमें गावनों । यह तो याको बखत है । वर्षाऋतुमें मुख्य है । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये । राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये ॥

मेघनाटजंत्र (संपूर्ण).

नि	निषाद उतरी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक

म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक

म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय

॥ इति मेघनाट संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको आठमो पुत्र गौडनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन नाटनमेंसों विभाग करिकें । ईशान नाम मुखसों । गौडनाट संकीर्णनट गाईके । वांको गौडनाट नाम करिकें नटनारायणको दीनों ॥ अथ गौडनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ लालवर्ण है । केसरिया वस्त्र पहरे है । सोनेके बखतर पहेरे है । जाके कंठमें गजमोतिनके हार है । दाहिने हाथमें माला है । बांये हाथमें ढाल है । ओर क्रोधसों घोडेको चोगान फिरावे है । तीखे जाके नेत्र है । जाके लिलाटमें केसरिको त्रिपुंड है । शिवजीको ध्यान करे है । ऐसो जो राग ताहि गौडनाट जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह छह स्वरनसों गायो है । स रि ग म प ध स । यातें षाडव है । रात्रिके दूसरे पहरमें गावनों । यह तो याको बखत है । वर्षाऋतुमें चाहो तब गावो । याकी आलाप चारी छह सुरनमें किये । राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये ॥

गौडनाटराग (षाडव).

ध	धैवत चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

ध	धैवत चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
म	मध्यम चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय

॥ इति गौडनाटराग संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको नवो पुत्र भूपालनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन नाटनमेंसों विभाग करिवेको । ईशान नाम मुखसों । भूपालराग संकीर्णनट गाईके । वांको भूपालनाट नाम करिके नटनारायणको दीनों ॥ अथ भूपालनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो रंग है । केसरिको अंगराग किये है । चंद्रमासो मुख है । ओर तरहतरहके आभूषण पहरे है । हाथमें कमल फिरावे है । ओर मंदमुसकानयुक्त बचन कहत है । बडो प्रतापी है । उदार धुनि है । ऐसो जो राग तांहि भूपालनाट जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह छह सुर-

नमें गायो है। स रि ग म प ध स। यातें षाडव है। रातिके प्रथम पहरमें गावनो। यह तो याको वखत है। रातिमें चाहो तब गावो। याकी आलापचारी छह सुरनमें किये। राग वरतेसों। जंत्रसों समझिये॥

भूपालनाट राग (षाडव).

स	षड्ज असलि, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक

प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा च्यार

॥ इति भूपालनाट राग संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको दशवो पुत्र जेजनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको ईशान नाम मुखसों जजवंत संकीर्णनट गाईके वांको जेजनाट नाम कीनों ॥ अथ जेजनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ स्याम जाको रंग है। पीतांबर पहरे है। केसरिको तिलक

ललाटमें है। कंठमें मोतीनकी माला पहरे है। वीर रसमें मग्न है। लालकमलसे नेत्र है। सुंदर मुसकानयुक्त जाको मुख है। ऐसो जो राग तांहि जेजनाट जांनिये॥ शास्त्रमें तो यह सात सुरनसों गायो है। स रि ग म प ध नि स। यातें संपूर्ण है। कोऊक याको रिषभ हीनहू कहत है। तिनके मतसों षाडव है। सांझसमें गावनों। यह तो याको वखत है। रातिमें चाहो तब गावो। याकी आलापचारी सात सुरनमें किये। राग वरतेसों। जंत्रसों समझिये॥

जेजनाट राग (संपूर्ण).

रि	रिषभ चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
ग	गांधार चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, नीचली सप्तककी मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक

स	षड्ज असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक

स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा दोय

ध	धैवत चढी, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरि, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय

॥ इति जेजनाट राग संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको ग्यारवो पुत्र शंकरनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन नाटनमेंसों विभाग करिवेको । ईशान नाम मुखसों शंकराभरणसंकीर्णनाट गाईके । वांको शंकरनाट नाम कीनों ॥ अथ शंकरनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको वर्ण है । रक्त वस्त्र पहरे है । फूले कमलकी माला जाके कंठमें है । सुंदर जाको रूप है । शृंगार रसमें मग्न है । चंदन केसरि अगर कपूर कस्तूरी ईनको । अंगराग भालमें केसरिको तिलक है । नानाप्रकारके आभूषण पहरे है । बडो प्रतापी है । ऐसो जो राग ताहि शंकरनाट जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनमें गायो है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याको रात्रिके दूसरे पहरमें गावनों । यह तो याको वखत है । ओर रात्रिमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये । राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये ॥

शंकरनाट (संपूर्ण).

ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	नि	निषाद चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

ध	धैवत चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
म	मध्यय चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

नि	निषाद चढी, मात्रा तीन	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	म	मध्यम चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा तीन

॥ इति शंकरनाट संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको बारवो पुत्र हीरनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन नाटनमेंसों विभाग करिवेको । ईशान नाम मुखसों हीरनाटसंकीर्णनट गाईके । वांको हीरनाट नाम करिके नटनारायणको दीनों ॥ अथ हीरनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ स्याम जाको रंग है । फूलनकी माला पहरे है । केसरिको अंगराग किये है । हाथमें खड्ग है । बेरीनके हीयमें भय उपजावे

है । ऐसो जो राग तांहि हीरनाट जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनमें गायो है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याको दिनके चोथे पहरमें गावनों । यह तो याको बखत है । रातिमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये । राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये ॥

हीरनाट राग (संपूर्ण).

म	मध्यम चढी, नीचली सप्तककी मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, नीचली सप्तककी मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
नि	निषाद चढी, नीचली सप्तककी मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, नीचली सप्तककी मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, नीचली सप्तककी मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
ध	धैवत चढी, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय

॥ इति हीरनाट राग संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको तेरवो पुत्र देषाखनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन नाटनमेंसों विभाग करिवेको । ईशान नाम मुखसों । देषाखराग संकीर्णनट गाईके । वांको देषाखनाट नाम करिके नटनारायणको दीनों ॥ अथ देषाखनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ जाके भालमें सिंदूरको विंदा है । ओर आंखनमें वीररस झलके है । सोनेके सों जाको अंग है । पुष्ट अंग है । विजयको छलमें प्रवीन है । पुष्टभुजामें रज लगि रही है । मल्लयुद्धमें चतुर है । पीतांबरकी काछनी है । हनुमानसो बली है । ओर लातसों वैरीकी छातिमें प्रहार करे है । ऐसो जो राग तांहि देषाखनाट जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह छह सुरनमें गायो है । ग प ध नि स स नि ध प म ग स । यातें षाडव है । याको संध्यासमें गावनो । यह तो याको वखत है । ओर रातिमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी छह सुरनमें किये । राग वरतनों । जंत्रसों समझिये ॥

देषाखनाट राग (षाडव).

प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक.
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय
ध	धैवत चढी, मात्रा दोय	स	षड्ज असली, मात्रा दोय

नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय		

॥ इति देषाखनाट राग संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको चोदवो पुत्र स्याम ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥
शिवजीनें उन नाटनमेंसों विभाग करिवेको ईशान नाम मुखसो स्याम राग संकीर्णनट गाईके। वाको स्यामनाट नाम करिके नटनारायणको दीनों ॥ अथ स्यामनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ जाको स्याम रंग है। पीतांबरको पहरे है। कोकिल-कोसो मधुर नाद है। कंठमें मोतीनकी माला है। केसरिको तिलक लिलाटमें है। कामिनीनके संग विहार करे है। ऐसो जो राग तांहि स्याम जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनमें गायो है। स रि ग म प ध नि स। यांतें संपूर्ण है। रातिके प्रथम पहरमें गावनो। यह तो याको वखत है। रातिमें चाहो तब गावो। याकी आलापचारी सात सुरनमें किये। राग वरतेसों। जंत्रसों समझिये ॥

स्यामनाट राग (संपूर्ण).

ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा दोय	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

॥ इति स्यामनाट राग संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको पंद्रवो पुत्र कानाडनाटकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन नाटनमेंसों विभाग करिवेको । ईशान नाम मुखसों । कानाडराग संकीर्णनट गाईके । वांको कानाडनाट नाम करिके नटनारायणको दीनों ॥ अथ कानाडनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ जाको गोरो रंग है। पीतांबर पहरे है । जडाऊ कडा हाथनमें है । ओर माथेपें सोनाको मुकुट है । हाथमें खड्ग लिंय है ।बांये हाथमें कमल है । गजमोतीनकी माला कंठमें है । घोडापें असवार है । संग फोज है । ऐसो जो राग ताहि कानाडनाट जांनिये॥शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याको रातिके दूसरे पहरमें गावनों। यह तो याको बखत है । ओर रातिमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये ॥

कानाडनाट राग (संपूर्ण).

ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
नि	निषाद चढी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक

स	षड्ज असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

॥ इति कानाडनाट राग संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको सोलवो पुत्र वराडी ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन नाटनमेसों विभाग करिवेको । ईशान नाम मुखसों वराडी-राग संकीर्णनट गाईके । वांको वराडीनाट नाम करिके नटनारायणको दीनों । याको लोकिकमें वरारी कहे है ॥ अथ वराडीनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ अपनें मुखसों मित्रनके मधुर वचनसों जाकी स्तुति होत है । गोरो जाको वर्ण है । रंगविरंगे वस्त्र पहरे है । अति प्रसन्न जाको मुख है । अति सकुमार जाकी देह है । फूलनकी माला पहरे है । ओर जाके उपर चवर ढुरे है । कामदेवको मित्र है । जाके मनमें बडो उछाह है । अधिक प्रताप है । एसो जो राग तांहि वराडी नाट जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है । स रि ग म प ध नि स। यातें संपूर्ण है । याको सांझसमें वा दिनके चोथे पहरमें गावनों । यह तो याको वखत है । रातिमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये । राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये ॥

वराडीनाट राग (संपूर्ण).

नि	निषाद चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा दोय
रि	रिषभ उतरी, मात्रा दोय	ध	धैवत चढी, मात्रा एक

स	षड्ज असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

॥ इति वराडीनाट राग संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको सतरवो पुत्र विभासनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन नाटनमेंसों । विभाग करिवेको । ईशान नाम मुखसों विभासराग संकीर्णनट गाईके । वांको विभासनाट नाम करिके नटनारायणको दीनों ॥ अथ विभासनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ चंद्रमासों जाको मुख है । गोरो जाको रंग है । पीतांबर पहरे है । चंदनको अंगराग लगायो है । फूलनकी माला जाके गरेमें है । केसरिको तिलक लगाये है । हाथमें जाके खड्ग है । ऐसो जो राग तांहि विभासनाट जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है । ग प ध स नि ध प म ग रि स । यातें संपूर्ण है । याको दिनके चोथे पहरमें गावनों । यह तो याको बखत हैं । रातिसमें प्रथम पहरमें गावत है । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये । राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये ॥

विभासनाट (संपूर्ण).

प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक

म	मध्यम चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक

रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	नि	निषाद चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
म	मध्यम चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक		

॥ इति विभासनाट संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको अठारवो पुत्र विहागनाट ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन नाटनमेंसों विभाग करिवेको। अपने मुखसों विहाग गाईके वांको विहागनाट नाम करिके । नटनारायणको पुत्र दीनों ॥ अथ विहागनाटको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको अंग है। स्वेत वस्त्र पहरे है। और जाके शरीरमें सुगंध आवे है। पानको बीडा हाथमें है। कामदेवयुक्त है। विरहनीनको डर पावे है। लालकमलसे नेत्र है। मल्लिकाके फूलनकी माला पहरे है। अपनें समानरूप सखीसबन करिके सुखी है। ऐसो जो राग ताहि विहागनाट जानिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है। स रि ग म प ध नि स। यातें संपूर्ण है। याको रातिके दुसरे पहरमें गावनों। यह तो याको वखत है। और चाहो तब गावो। याकी आलापचारी सात सुरनमें किये। राग वरतेसों। जंत्रसों समझिये ॥

विहागनाट (संपूर्ण).

ग	गांधार चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय
नि	निषाद चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक

म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
नि	निषाद उतरी, मात्रा दोय		

॥ इति विहागनाट संपूर्णम् ॥

अथ नटनारायणको पुत्र संकराभरण ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ पार्वतीजीनें प्रसन्न होईके उन रागनमेंसों विभाग करिवेको । अपनें मुखसों गाईके । नटनारायणकी छाया युक्ति देखि । वांको संकराभरण नाम करिकें नटनारायणको पुत्र दीनों ॥ अथ संकराभरणको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको रंग है । कसुमल वस्त्र पहरे है । गलेमें कमलकी माला है । सुंदर रूप है । शृंगार किये है । शरीरमें सुगंध लमाये है । विभूतिको तिलक है । नृत्य करि-वेको आरंभ जाको प्रिय है । आनंदयुक्त है । ऐसो जो राग तांहि संकराभरण

जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनमें गायो है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याको प्रभातसमें गावनों । यह तो याको बखत है । सायंकालसमें रात्रिमें प्रसिद्ध है । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये । राग वरतेसों जंत्रसों समझिये ॥

संकराभरण (संपूर्ण).

ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	म	मध्यम चढी, मात्रा एक
नि	निषाद चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	म	मध्यम चढी, मात्रा एक

ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा तीन
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	नि	निषाद चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा तीन	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय

ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
म	मध्यम चढी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा तीन
ग	गांधार चढी, मात्रा दोय		

॥ इति संकराभरण संपूर्णम् ॥

अथ शुद्धनाटकी रागनी आभीरी ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको। ईशान नाम मुखसों आभीरी गाईके वाको शुद्धनाटकी छाया युक्ति देखि। शुद्धनाटको आभीरी दीनी ॥ अथ आभीरीको स्वरूप लिख्यते ॥ स्याम जाको रंग है। स्याम वस्त्र पहरे है। रसिले जाके नेत्र है। मधुर बचन बोले है। सुंदर चोटी है। कोमल अंग है। मुगानकी माला पहरे है। काननेमें ढेडी पहरे है। शृंगार रसमें मग्न है। रासमें नृत्य करि मनको हरे है। ऐसी जो रागनी तांहि आभीरी जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनमें गाई है। स रि ग म प ध नि स। यातें संपूर्ण है। याको दिनके चोथे पहरमें गावनी। यह तो याको बखत है। ओर दुपहर उपरांति चाहो तब गावो। याकी आलापचारी सात सुरनमें किंये। राग वरतेसों। जंत्रसों समझिये ॥

आभीरी रागनी (संपूर्ण).

रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा एक

रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा तीन	नि	निषाद उतरी, मात्रा दोय

ध	धैवत चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा तीन

॥ आभीरी रागनी संपूर्णम् ॥

अथ शुद्ध नाटको प्रथम पुत्र जुजावंत ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥
शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको। ईशाननाम मुखसों जुजावंत राग गाईके। वाको शुद्ध नाटकी छाया युक्ति देखि। शुद्ध नाटको पुत्र दीनो ॥ अथ जुजावंतको स्वरूप लिख्यते ॥ जाको स्याम रंग है। पीतांबर पहेरे है। केसरिको तिलक लिलाटमें है। मोतिनकी माला कंठमें है। सुंदर मुरली बजावे है। ललित-त्रिभंगी है। शृंगाररसमें मग्न है। कामदेवको प्यारो है। ऐसो जो राग तांहि जुजावंत जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनमें गायो है। स रि म म प ध नि स ॥ यातें संपूर्ण है। याको संध्यासमें गावनो। यह तो याको वखत है। रात्रिके प्रथम पहरमें चाहो तब गावो। याकी आलापचारी सात सुरनमें किये। रागवरतेसो जंत्रसो समझिये ॥

जुजावंत (संपूर्ण).

रि	रिषभ चढी, मात्रा तीन	म	मध्यम चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	म	मध्यम असलि, मात्रा दोय
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय

म	मध्यम चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम असलि, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय
नि	निषाद चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

॥ इति जुजावंत संपूर्णम् ॥

अथ हमीर रागकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको । ईशान नाम मुखसों हमीर गाईके । वांको शुद्ध नाटकी छाया युक्ति देखि । वांको हमीर नाम कीनों ॥ अथ हमीरको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो

जाको रंग है। लाल वस्त्र पहरे है। शृंगाररसमें मग्न है। तरुण जाकी अवस्था है। मंद मुसिकान करे है। एक हाथमें छडी है। दुसरे हाथमें दंड लिये है। कामदेवको मित्र है। माथेपें मुकुट है। काननमें कुंडल है। हाथनमें कडा है। स्त्रीनके मनको वस करे है। ऐसो जो राग तांहि हमीर जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है। स रि ग म प ध नि स। यातें संपूर्ण है। याको संध्या समें गावनों। यहतो याको वखत है। ओर आधि रात तांई चाहो तब गावो। याकी आलापचारी सात सुरनमें किये रागवरते ॥ इति हमीर संपूर्णम् ॥

अथ **शक्तिवल्लभाकी** उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमें विभाग करिवेको। अपनें मुखसों गुजाकरी, रामकरी, गांधार, स्याम, गूजरी, संकीर्ण पूर्वी, गाईके। याको शक्तिवल्लभा नाम कीनो॥ अथ शक्तिवल्लभाको स्वरूप लिख्यते॥ गोरो जाको रंग है। पीतांबर पहरे है। केसरिको तिलक लिलाटमें है। कंठमें मोतीनकी माला पहरे है। चंद्रमासो जाको मुख है। चंचल जाके नेत्र है। बडो चतुर है। शृंगाररसमें मग्न है। रत्नके सिंहासनपें बेठो है। चंदनको अंगराग लगाये है। ओर हाथसों कमल फिरावे है। सब अंगनमें आभूषण पहरे है। मदमें छक्यो है। कामनीनके संग विहार करे है। ऐसो जो राग तांहि शक्तिवल्लभा जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनमें गायो है। स रि ग म प ध नि स। यातें संपूर्ण है। याको प्रभात समें गावनों। यह तो याको वखत है। ओर चाहो तब गावो। यह राग मंगलीक है। याकी आलापचारी सात सुरनमें किये राग वरते। यह राग सुन्यो नहीं यातें जंत्र बन्यो नहीं। जाकी सिवाय बुध्दि होय सो वरतलीज्यो ॥ इति शक्तिवल्लभा संपूर्णम् ॥

अथ फरोदस्तकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें प्रसन्न होई करिके उन रागनमेसों विभाग करिवेको। अपनें मुखसों पूर्वी स्याम संकीर्ण गोड गाईके वांको फरोदस्त नाम कीनों ॥ अथ फरोदस्तको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको रंग है। रंगविरंगे वस्त्र पहरे है। कमलपत्रसें बडे जाके नेत्र है। अंतरसो भीजे केस है। रत्नकी माला है। लिलाटमें केसरिको तिलक लगायो है। मदिराके अंमलसों छक्यो है। सुंदर स्त्रीनके संग क्रीडा करे है। ऐसो जो राग तांहि फरोदस्त जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है। स रि ग म प ध

नि स । यातें संपूर्ण है । याको संध्यासमें गावनों । यह तो याको बखत है । ओर रातिमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये । राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये ॥

फरोदस्त (संपूर्ण).

रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
म	मध्यम चढी, मात्रा एक	नि	निषाद चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
नि	निषाद चढी, मात्रा एक	नि	निषाद चढी, मात्रा दोय
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	म	मध्यम चढी, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक		

॥ इति फरोदस्त संपूर्णम् ॥

अथ अंधजरकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों वि-
भाग करिवेको । अपनें मुखसों मारुसुद्ध जयरा श्रीसंकीर्ण केदारो गाईके । वांको
अंधजर नाम कीनों ॥ अथ अंधजरको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको अंग है ।
लाल वस्त्र पहरे है । चंद्रमासो जाको मुख है । अंतरसों लंबे जाके केस है ।
सोनेकीसी जाकी कांति है । बडो जाको रूप है । अनेक रंगके फूलनकी माला
पहरे है । रसिले तीखे अनियारे जाके नेत्र है । मंद मुसकान करे है । कानममें
कमलकी कली पहरे है । केसरको तिलक जाके लिलाटमें है । एक हाथमें दंड
है। दूसरे हाथमें त्रिशूल है । वाघंबर बिछाय बेठ्यो है । शिवको ध्यान करे
है । मित्रनके संग विहार करे है । सब अंगनमें आभूषण पहरे है । ऐसो जो
राग ताहि अंधजर जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है । स रि ग
म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याको संध्यासमें गावनों । यह तो याको बखत
है । ओर आधिराति ताई चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें
किये राग वरते । यह राग सुन्यो नहीं । यातें जंत्र बन्यो नहीं । जाकी सिवाय
बुद्धि होय सो वरतलीज्यो ॥ इति अंधजर संपूर्णम् ॥

अथ अंधावरीकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों वि-
भाग करिवेको । अपनें मुखसों खटआसावरी संकीर्ण देसी गाईके । वांको
अंधावरी नाम कीनों॥ अथ अंधावरीको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको रंग है ।
स्वेत वस्त्र पहरे है । जाकी चोटी मोतियाके फूलनसों गुही है । कानममें जडाऊ
कुंडल है । कंठमें जाके मोतीनकी माला है । लालकंचुकीको पहरे है । हाथमें
जाके कंकन है । जाके पावनमें नूपुर है । कोमल जाको अंग है। हाथनमें दर-
पन लिये है । अपनें स्वरूपको निहारे है । केलनीके वनमें प्रियको ध्यान करे
है । देवता जाकी स्तुति करे है । ऐसी जो रागनी ताहि अंधावरी जांनिये ॥
शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गाई है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है।
याको रातिके दुसरे पहरमें गावनी । यह तो याको बखत है । दिनमें चाहो तब
गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये । राग वरतेसों।जंत्रसों समझिये॥

अंधावरी (संपूर्ण).

म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा दोय

ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय

॥ इति अंधावरी संपूर्णम् ॥

अथ सावरकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेसों विभाग करिवेको । अपनें मुखसों संकराभरण पूर्वी केदार बिलावल संकीर्णकुकुभ गाईके। वांको सावर नाम कीनों ॥ अथ सावरको स्वरूप लिख्यते ॥ गौर जाको अंग है । स्वेत वस्त्र पहेरे है । पुष्ट जाको अंग है । जाके अंगनमें रति झलके है। चंपाके फूलनकी माला जाके कंठमें है । लाल डोरादार बडे जाके नेत्र है । कटा-

छिनसों स्त्रीनके मनको हरे है । एक हाथमें छडी लिये है । दुसरे हाथमें त्रिशूल लिये है । मित्रनसहित है । शृंगाररसमें मग्न है । कमलनकी माला पहरे है । सुंदर जाको रूप है । केसरको अंगराग लगाये है । केसरिको तिलक लिलाटमें है । माथेपें जाके मुकुट है । काननमें कुंडल पहरे है । सब अंगनमें आभूषण है । मृदंगको शब्द जाको प्यारो है । ऐसो जो राग तांहि सावर जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है । ध नि स रि ग म प ध । यातें संपूर्ण है । याको दिनके प्रथम पहरमें गावनों । यह तो याको वखत है । और दिनमें चाहो तब गावो ॥ इति सावर संपूर्णम् ॥

अथ कोवाहरकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको । अपनें मुखसों विहाग राग कल्याण संकीर्ण कान्हडो गाईके । वांको कोवाहरनाम कीनों ॥ अथ कोवाहरको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको रंग है । स्वेत वस्त्र पहरे है । मुखमें तांबूल खायो है । कामदेव करिके युक्त है । राजानकी सभा कीये सिंहासनपें बैठ्यो है । मोतीनकी माला कंठमें है । कमलपत्रसे विसाल जाके नेत्र है । छत्र जाके ऊपर फिरे है । दोऊ ओर चवर जाके उपर ढुर है । सेवकजन करिके युक्त है । माथेपें जाके मुकुट है । हाथनमें कडा पहरे है । काननमें कुंडल पहरे है। सब अंगनमें आभूषण पहरे है। ऐसो जो राग तांहि कोवाहर जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याको रातिके प्रथम पहरमें गावनो । यह तो याको वखत है । और आधिरात तांई चाहो तब गावो । यह राग सुन्यो नहीं । यातें जंत्र बन्यो नहीं । जाकी शिवाय बुध्दि होय सो वरतलीज्यो ॥ इति कोवाहर संपूर्णम् ॥

अथ श्रीरमण रागकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसो विभाग करिवेको । अपनें मुखसों संकराभरण संकीर्ण श्री गाईके । वांको श्रीरमण नाम कीनों ॥ अथ श्रीरमणको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको रंग है । लाल वस्त्र पहरे है । कमलकी माला कंठमें पहरे है । शृंगाररसमें मग्न है । केसरचंदनको अंगराग है । नृत्य गीत जाको प्यारो है । बडे जाके नेत्र है । तरुण जाकी अवस्था है । हांसिके वचन कहे है । सुंदर जाको स्वरूप है । हाथसों कमल फिरावे है । सब अंगनमें आभूषण पहरे है । केसरको तिलक लिलाटमें

लगायें है । ऐसो जो राग तांहि श्रीरमण जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है । स रि ग म प ध नि स । यांतें संपूर्ण है । याको संध्यासमें गावनों। यह तो याको बखत है । ओर चाहो तब गावो । यह राग सुन्यो नहीं । यांतें जंत्र बन्यो नहीं । जाकी शिवाय बुद्धि होय सो वरतलीज्यो ॥ इति श्रीरमण संपूर्णम् ॥

अथ ताराध्वनीकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको । अपनें मुखसों सुद्धमल्लार संकीर्णकेदार गाईके । वांको ताराध्वनी नाम कीनों ॥ अथ ताराध्वनीको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको रंग है । ओर पीतांबरको पहरे है । चंदनको अंगराग लगायें है । लिलाटमें केसरको तिलक लगायो है । ओर बडे नेत्र है । बारनको जुडा जाके माथे बंधो है । शिवजीको ध्यान करे है । मिष्ठन करिके सरन है । मोतीनकी माला कंठमें पहरे है। ओर सब अंगनमें आभूषण पहरे है । मोरनके समूहमें विहार करे है । परम उदार है । ऐसो जो राग तांहि ताराध्वनी जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है । स नि ध प म ग रि स । यांतें संपूर्ण है । याको संध्यासमें गावनों । यह तो याको बखत है । आधिरात तांई चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये । राग वरतेसों । जंत्रसों समझिये ॥

ताराध्वनी राग (संपूर्ण).

म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा दोय
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक

नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
ग	गांधार चढी, मात्रा दोय		

॥ इति ताराध्वनी राग संपूर्णम् ॥

अथ श्रीसमोधकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको । अपनें मुखसों मालसिरी, सुद्धश्री, टंकराग, भीमपलासी, संकीर्ण गाईके । वांको श्रीसमोध नाम कीनों ॥ अथ श्रीसमोधको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको रंग है । रंगविरंगे वस्त्र पहरे है । चंदनको अंगराग किये है । रंग-विरंगे फूलनको धरे है । मृगकेसे विशाल जाके नेत्र है । तरुण जाकी अवस्था है । शृंगार रसमें मग्न है । बहुत सुंदर है । सताईस मोतीनकी माला गलेमें है । हाथमें कमल फिरावे है । आनंदके आसूं जाके नेत्रनमें आवे है । विभागनी जो अपनी स्त्री ताको मनावे है । ऐसो जो राग ताहि श्रीसमोध जांनिये ॥ शास्त्रमें-तो यह सात सुरनसों गायो है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याको संध्यासमें गावनों । यह तो याको वखत है । ओर आधीरात तांई चाहो तब गावो । यह राग सुन्यो नहीं । यातें जंत्र बन्यो नहीं । जाकी सिवाय बुद्धि होय सो वरतलीज्यो ॥ इति श्रीसमोध संपूर्णम् ॥

अथ मनोहर रागकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको । अपनें मुखसों राग गाईके वांको मनोहर नाम कीनों ॥ अथ

मनोहरको स्वरूप लिख्यते ॥ जाकी शुद्धस्वरके मेलमें उत्पत्ति होय। ओर षड्ज स्वर जाके आदिमें होय। जाके आरोहमें रिषभ गांधार ओर मध्यम नहीं होय। जामें पंचमको षड्जको कंप होय। धैवतको प्राथत होय करिकें धैवत तें अवरोहमें पंचमको कंप करिये। ओर पंचमतें षड्जको उच्चार करि मध्यमको उच्चार कीजिये। ओर पहले निशादको उच्चार मध्यमको उच्चार कीजिये। गांधारको कंप कीजिये ओर षड्जमें पूर्ण कीजिये। शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गायो है। स रि म म प ध नि स। यातें संपूर्ण है। याको दुपहर उपरांति लेके संध्या तांई चाहो तब गावो। यह राग सुन्यो नहीं। यातें बुद्धि चली नहीं। यातें जंत्र बन्यो नहीं। जाकी शिवाय बुद्धि होय। सो वरतलीज्यो॥ इति मनोहर राग संपूर्णम् ॥

अथ देवकारिकाकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको। अपनें मुखसों कुंभारी, सरस्वती, संकीर्णमालसिरी गाईके। वांको देवकारिका नाम कीनों ॥ अथ देवकारिकाको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको रंग है। रंगविरंगे वस्त्र पहरे है। कमलपत्रसे जाके नेत्र हैं। चंद्रमासों जाको मुख है। सब अंगनमें आभूषण पहरे है। आनंदको जल जाके नेत्रनमें आई रहे है। गांन जाको प्यारो है। तरुण सखी जाके संग है। मोरनके संग क्रीडा करे है। केसर चंदनको अंगराग लगायें है। फूले कमलकी माला पहरे है। शृंगाररसमें मग्न है। जडाऊ फूलकी वेसरि कानमें पहरे है। कमलकी कली नाकमें पहरे है। जाके माथेपें केसरकी आड है। नेत्रनमें काजर आंजे है। हाथमें काचकी चूडी पहरे है। नानाप्रकारके बाजनसें आसक्त है। तरुण अवस्था हांसिके बचननसों प्रियसों बतलावे है। ऐसी जो रागनी तांहि देवकारिका जांनिये॥ शास्त्रमेंतो यह सात सुरनसों गाई है। स रि ग म प ध नि स। यातें संपूर्ण है। संध्यासमें गावनी। यह तो याको वखत है। रातिमें चाहो तब गावो ॥ इति देवकारिका संपूर्णम् ॥

अथ विचित्राकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनमेंसों विभाग करिवेको। अपनें मुखसों ईमन, वरावी, संकीर्णचेतीगोडी गाईके। वांको विचित्रा नाम कीनों ॥ अथ विचित्राको स्वरूप लिख्यते ॥ गोरो जाको रंग है। रंगविरंगे वस्त्र पहरे है। हाथसों कमल फिरावे है। बडे जाके नेत्र है।

